भारत सरकार
पेयजल और स्वच्छता मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2888
दिनांक 12.12.2016 को उत्तर दिए जाने के लिए

स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत शौचालयों का निर्माण

2888. श्री किरनमय नन्दाः

क्या पेयजल और स्वच्छता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत दो वर्षों के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत राज्य–वार कितने–कितने शौचालयों का निर्माण किया गया है;
(ख) उक्त अवधि के दौरान शौचालयों के निर्माण हेतु विभिन्न राज्यों से स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों के लिए राज्य–वार कितने–कितने प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं; और
(ग) आगामी दो वर्षों के दौरान स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत राज्य–वार कितने–कितने शौचालयों का निर्माण किया जाएगा?

उत्तर
राज्य मंत्री, पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय
(श्री रमेश चंदप्पा जिगाजिनागी)

(क) मंत्रालय की एकीकृत प्रबंधन सूचना प्रणाली पर राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा अपलोड की गई सूचना के अनुसार पिछले दो वर्षों के दौरान स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण (एसबीएम-जी) के अंतर्गत निर्मित वैयक्तिक पारिवारिक शौचालयों (आईएचएचएल) की राज्य/संघ राज्य-क्षेत्रवार संख्या **अनुलग्नक-1** में दी गई है।

(ख) प्रत्येक राज्य/संघ राज्य-क्षेत्र एसबीएम (जी) के लिए एक वार्षिक कार्यान्वयन योजना तैयार करता है जिसमें वर्ष के दौरान अपेक्षित परिणामों का उल्लेख होता है।

(ग) एसबीएम (जी) का समग्र लक्ष्य 02 अक्तूबर, 2019 तक भारत को स्वच्छ बनाना है। राज्यों द्वारा ऑनलाइन आईएमआईएस पर अपलोड की गई सूचना के अनुसार, दिनांक 08.12.2016 तक निर्मित किए जाने वाले शौचालयों की राज्य वार संख्या **अनुलग्नक-2** में दी गई है। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) एक मांग आधारित स्कीम है और कोई वार्षिक लक्ष्य निर्धारित नहीं हैं।

अनुलग्नक-1

दिनांक 12-12-2016 को उत्तर दिए जाने हेतु राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2888 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित विवरण

पिछले दो वर्षों के दौरान निर्मित वैयक्तिक पारिवारिक शौचालयों (आईएचएचएल) की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार संख्या

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	2014-15	2015-16
1	आंध्र प्रदेश	213867	354996
2	अरुणाचल प्रदेश	12902	19439
3	असम	148237	465545
4	बिहार	165457	427038
5	छत्तीसगढ़	39128	357107
6	दादरा एवं नगर हवेली		
7	गोवा	0	28637
8	गुजरात	335762	922728
9	हरियाणा	107765	132661
10	हिमाचल प्रदेश	54265	66632
11	जम्मू एवं कश्मीर	8496	64665
12	झारखंड	98512	315130
13	कर्नाटक	791687	533011
14	केरल	34101	11752
15	मध्य प्रदेश	521739	1022566
16	महाराष्ट्र	500897	889170
17	मणिपुर	27860	47636
18	मेघालय	42002	44129
19	मिजोरम	534	6026
20	नागालैंड	0	22617
21	ओडिशा	130925	1329832
22	पुडुचेरी	0	0
23	पंजाब	9887	71543
24	राजस्थान	653306	2164590
25	सिक्किम	3562	3707
26	तमिलनाडु	378162	948287
27	तेलंगाना	130725	240168
28	त्रिपुरा	24869	61173
29	उत्तर प्रदेश	515427	694487
30	उत्तराखंड	57833	64030
31	पश्चिमी बंगाल	847080	1432065
	कुल	**5854987**	**12741367**

अनुलग्नक -2

दिनांक 12-12-2016 को उत्तर दिए जाने हेतु राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2888 के भाग (ग) के उत्तर में उल्लिखित विवरण

दिनांक 8.12.2016 तक शौचालय रहित परिवारों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार संख्या

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	दिनांक 8.12.2016 तक शौचालय रहित परिवार
1	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	20163
2	आंध्र प्रदेश	3816063
3	अरुणाचल प्रदेश	45475
4	असम	2236059
5	बिहार	15866894
6	छत्तीसगढ़	1541611
7	गोवा	44587
8	गुजरात	934004
9	हरियाणा	378338
10	हिमाचल प्रदेश	0
11	जम्मू एवं कश्मीर	1084492
12	झारखंड	2828791
13	कर्नाटक	3269630
14	केरल	0
15	मध्य प्रदेश	6094789
16	महाराष्ट्र	3747886
17	मणिपुर	70259
18	मेघालय	57328
19	मिजोरम	16743
20	नागालैंड	87422
21	ओडिशा	5706793
22	पुडुचेरी	44209
23	पंजाब	639773
24	राजस्थान	3640287
25	सिक्किम	56
26	तमिलनाडु	3276263
27	तेलंगाना	2488938
28	त्रिपुरा	185402
29	उत्तर प्रदेश	15698411
30	उत्तराखंड	43412
31	पश्चिमी बंगाल	2536017
	कुल	**76400095**